हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 जुलाई 2024

04 खाद एवं यूरिया बाजार में बिक रहा मनमाने दाम पर...



08 बेगमनदी पर नहीं है पुल, बरसात में तहसील...





## खबर संक्षेप

### 127 में से 65 समस्याएं मौके पर ही हल की गईं

**विदिशा।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई 127 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के पास पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर 65 आवेदनों का निराकरण किया। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### विद्या इंटरनेशनल और बचपन प्ले में छात्रों ने मनाया डॉक्टर्स डे

**विदिशा।** शास्त्री नगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल में डॉक्टर पेशेंट रोल प्ले एक्टिविटी का आयोजन किया गया। साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट मेंटर्स की सहायता से डॉक्टर्स के लिए ग्रीटिंग काड्र्स बनाए। नन्हे मुन्ने बच्चों ने डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर विधि वर्मा, डॉक्टर शेखावत, डॉक्टर गीता समनानी, डॉक्टर शैलेंद्र मीणा, डॉक्टर प्रतिभा मीणा, डॉक्टर सनत सिंह, डॉक्टर सुजाता नेताम, डॉ राज किशोर सिंह, डॉ पूनम सिंह एवं डॉक्टर तोमेश कुमार को अपने हाथों से डॉक्टर्स डे थैंक यू काड्र्स बनाकर भेंट किया। वहीं विद्या इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर विधि वर्मा, डॉ पीयूष श्रीवास्तव, डॉक्टर सुमित जैन और डॉक्टर प्रशांत बागरेचा को अपने हाथों से डॉक्टर्स डे थैंक यू काड्र्स बनाकर भेंट किया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर अभिनय वर्मा एवं अंजली श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### 80 साल के बुजुर्ग को मिला वृद्धाश्रम का सहारा

**विदिशा।** शेरपुरा निवासी 80 वर्षीय वृद्ध आवेदक भोला प्रसाद राय की समस्या को देखते हुए कलेक्टर की पहल पर 80 वर्षीय असहाय भोलाप्रसाद राय को वृद्धाश्रम का सहारा मिला है। वृद्ध आवेदक ने जनसुनवाई में आवेदन देकर उनकी देखभाल के लिए वृद्धाश्रम पहुंचाए जाने की समस्या से अवगत कराया था। जिस पर त्वरित निराकरण की पहल करते हुए वृद्ध आवेदक भोला प्रसाद राय को वृद्धाश्रम पहुंचाया गया है। वृद्ध लाठी टेकते हुए अपनी समस्या लेकर पहुंचा। कलेक्टर के निर्देश के बाद अधिकारियों ने कार में बैठाकर उसे श्री हरि वृद्ध आश्रम पहुंचाया।

### मकसूदानगढ़ के पास बाइक पर गिरा पेड़, बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती

**विदिशा।** लटेरी के आगे मकसूदानगढ़ के नजदीक बाइक से जा रहे प्रेमनारायण तिवारी और उनके साथ मौजूद 62 वर्षीय मनोहर लाल तिवारी की बाइक पर पेड़ की डाली टूटकर गिर गई। जिससे मनोहर लाल तिवारी का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। अन्य जगह भी चोटें आई हैं। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 30 जून की बताई जा रही है। जिला अस्पताल में ऑपरेशन के लिए उन्हें भर्ती कराया गया है।

## बलवा: आदिवासियों और राजपूतों के बीच जमकर चले लट्ठ, मामला दर्ज

# नटेरन के चक्क जोहद गांव में दो पक्षों के बीच जमकर चले लट्ठ, कुल्हाड़ी, 17 जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नटेरन थाना क्षेत्र के गांव जोहद चक्क में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लट्ठ चले। इस मामले में राजपूत परिवार के करीब 10 लोग घायल हुए हैं। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के मिलाकर 27 लोगों के खिलाफ बलवा और मारपीट का मामला दर्ज किया है। वहीं दोनों पक्षों के आठ लोगों को जेल भेज दिया गया है। वहीं गंभीर रूप से घायलों को विदिशा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नटेरन थाना प्रभारी आशुतोष सिंह के अनुसार जमीन को लेकर दो पक्षों में यह विवाद हुआ है। झगड़े में दोनों पक्षों के कुल 17 लोग घायल हुए हैं। पुलिस का कहना है कि एक पक्ष का जमीन पर पट्टा होने के बाद उस जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। जबकि जमीन पर राजपूत समाज का पहले से कब्जा चला आ रहा है। विवाद बढ़ने की आशंका को देख झगड़े के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हमले में राजपूतों की ओर से 11 लोग घायल हैं। जिनमें 4 गंभीर बताए जा रहे हैं। वहीं आदिवासी समुदाय के 6 लोग घायल हैं।



विदिशा। आमने सामने आने के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी और डंडों से हमला कर दिया।

### जमकर चलाए लट्ठ डंडे

वर्षों पहले शासन ने जोहद से लगे हुए चक्क बस्ति के आदिवासियों को पट्टे आवंटित किये थे। लेकिन जमीन पर जोहद गांव के किसानों का पहले से कब्जा था। मौके पर कब्जा दिलाये बिना शासकीय दस्तावेजों में पट्टे आवंटित कर दिये गये। इसके बाद सालों से जोहद गांव के किसान ही उस जमीन पर खेती करते रहे। इस बार पट्टेधारियों ने शासन से नपती सीमांकन कराने की कार्रवाई भी और जमीन की बोवनी करने पहुंच गये। इसी दौरान जमीन पर सालों से काबिज किसान खेत पर पहुंचे तो उन पर हमला कर दिया गया।

### आदिवासी को मिला था जमीन का पट्टा, राजपूतों का था कब्जा

जानकारी के मुताबिक एक आदिवासी को जमीन का पट्टा मिला था। उस जमीन पर राजपूतों का कब्जा था। जमीन के कब्जे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आदिवासी समूह के लोग लाठी, कुल्हाड़ी और भी अन्य हथियार लेकर खेत पर कब्जा करने पहुंचे। इस दौरान राजपूत समाज के लोगों से कहासुनी हो गई। जमीन कब्जे के विवाद में आदिवासियों ने दूसरे पक्ष को घेरकर लाठी-डंडों से पीटा। आदिवासियों ने राजपूतों को लाठी डंडों से मारना शुरू कर दिया। झगड़े में जितेंद्र राजपूत, रोहित, बृजेश, मदन सिंह, भैयालाल, मुकेश, अमित सहित अन्य घायल हुए हैं।

## जेल में मौत के मामले में परिजनों ने एसपी-कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



विदिशा। मृतक के परिजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

■ 376 के मामले में जेल में बद था मृतक मौनू चौकसे।

एक महीना पहले 10 जून को जिला जेल में कैदी के फांसी लगाने के मामले में मंगलवार को मृतक के परिजनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि मृतक मोनू चौकसे ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें पांच लोगों के ऊपर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

मंगलवार को ग्राम मोहाना खेजड़ा के रहने वाले मनीष चौकसे और परिवार के अन्य सदस्य जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि एक महीने पहले उनके छोटे भाई मोनू चौकसे की जिला जेल में मृत्यु हो गई थी। एक महीना बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुसाइड नोट मिला था उसमें आरोपियों के नाम साफ लिखे थे। पुलिस ने अब तक कोई एफआईआर नहीं लिखी है। उन्होंने बताया कि उनके भाई को चौकीदार की तरफ से 376 का झूठा आरोप लगाकर फंसाया गया था। जिसके चलते पुलिस ने उसे जेल भेजा था। 10 दिन बाद यह घटना हो गई। पुलिस बता रही थी उसने आत्महत्या की जबकि उसकी डेड बॉडी जमीन पर थी। कलेक्टर और एसपी से आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग परिजनों ने की है।

## सिरनोटा से उमरछा तक बन रही सड़क का नक्शा दबंगों के इशारे पर बदलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



कुरवाई तहसील की ग्राम पंचायत सिरनोटा के सरपंच प्रतिनिधि सहित गांव के रहवासियों और आदिवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया। इसमें उन्होंने बताया कि सिरनोटा से उमरछा तक पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क निर्माण कर रहा है। पहले जिस स्थान पर सर्वे किया गया था उसमें अधिकांश सरकारी नंबर थे। जिससे शासन को भी मुआवजा किसी को नहीं देना था, लेकिन कुछ दबंगों के दबाव में आकर सड़क के नक्शे को बदल दिया गया है। सड़क सीधी न होकर घुमावदार हो गई है। वहीं गांव के आदिवासी और गरीब परिवारों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। उनके घरों के ऊपर से सड़क बनाई जा रही है। जिससे वह बेघर हो रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंह परिवार ने बताया कि उनकी मौजूदगी में सर्वे हुआ था जिसमें सीधा-सीधा सड़क निर्माण था पर गांव के दबंग ने आर्थिक लाभ लेने और मुआवजा पाने के लिए सड़क निर्माण के नक्शे को बदलवा दिया। अब सिर्फ दबंग और असरदार लोगों को इसका फायदा मिल रहा है, लेकिन गरीबों के लिए सिर्फ और सिर्फ नुकसान होगा। उन्होंने पूर्व में किए सर्वे से ही रोड डाले जाने की मांग की है। कुरवाई एसडीएम और विधायक को भी ज्ञापन दिया गया था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन के लिए खरीदी केंद्र निर्धारित

# अच्छी गुणवत्ता वाली मूंग समर्थन मूल्य 8558 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 31 जुलाई तक खरीदी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य मूंग खरीदी के संबंध में जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा अनुसार विकासखंड स्तर पर खरीदी केंद्र निर्धारण करने का आदेश जारी कर दिया है।

अच्छी गुणवत्ता की मूंग निर्धारित समर्थन मूल्य 8558 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 31 जुलाई तक खरीदी जाएगी। जिले में मूंग की उत्पादकता 10 क्विंटल प्रति हेक्टयर निर्धारित की गई है। कृषकों से सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खरीदी की जाएगी। शनिवार एवं रविवार को सप्ताह में शेष स्कंध का परिवहन, भंडारण, लेखा का मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध का अपग्रेडेशन, वापसी का निराकरण किया जाएगा। गोदाम स्तर पर गुणवत्ता परीक्षण में पाए जाने वाले नॉन एफएक्यू का भंडारण उपार्जन समिति द्वारा गोदाम, केप पर नहीं किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में 5 दिन से अधिक गोदाम, केप पर भंडारण नहीं किया जाएगा। मार्कफेड द्वारा जारी एफएक्यू गुणवत्ता अनुसार उपार्जन का दायित्व संबंधित उपार्जन केंद्र चलाने वाली संस्था का रहेगा। जिला स्तर सहकारी विपणन संघ मर्या. मार्कफेड समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उपार्जन हेतु एजेंसी रहेगी। प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर प्रतिदिन न्यूनतम 1 हजार क्विंटल उपज की तौल हेतु 4 तौल कांटे आवश्यक रूप से लगाए जाएंगे। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर नाफेर्ड द्वारा योग्यताधारी सर्वेयर खरीदी अवधि तक रखे जाएंगे।

### इन खरीदी केंद्रों पर होंगी खरीदी

ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के लिए किसान स्वयं स्लाट बुकिंग कर सकेंगे। मूंग विक्रय के लिय बुक किये गये स्लाट की अवधि पांच दिन रहेगी। स्लाट बुकिंग 10 दिन पहले तक हो सकेगी। मार्केटिंग सोसायटी विदिशा का खरीदी मंडी में रहेगा। बासौदा में मार्केटिंग सोसायटी द्वारा बंजारी माता परिसर में खरीदी की जाएगी। नटेरन में मार्केटिंग सोसायटी शमशाबाद में खरीदी करेगी। कुरवाई में मार्केटिंग सोसायटी केंद्र संचालित करेगी। ग्यारसपुर मार्केटिंग सोसायटी द्वारा गुलाबगंज में खरीदी केंद्र चलाया जाएगा।

### आईटीआई की पहली लिस्ट जारी, 4 तक मूल दस्तवेजों के साथ उपस्थित होना होगा

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रथम लिस्ट भी जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थी प्रवेश कराने हेतु गुरूवार 4 जुलाई तक शासकीय आईटीआई में सभी मूल दस्तावेजों के दो सेट लेकर उपस्थित होना होगा। प्रथम लिस्ट अनुसार जिन आवेदकों के नाम आईटीआई में प्रवेश हेतु जारी प्रथम लिस्ट में शामिल हैं। उन्हें पूर्व में भी एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि विदिशा जिले में शासकीय आईटीआई में कुल 848 सीटें निर्धारित हैं जिनमें से प्रथम लिस्ट में 461 सीटें आई हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग को एक ही दिन में ट्रायसाइकिल मिली, पेंशन भी शुरू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



जनसुनवाई में आवेदनों की फरियाद सुनते कलेक्टर।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में पहुंचे लोहांगी मोहल्ला निवासी दिव्यांग आवेदक पवन अहिरवार की समस्या का मौके पर ही समाधान कर दिव्यांग को मौके पर ही ट्रायसाइकिल दिलवाई। जनसुनवाई में पहुंचे दिव्यांग आवेदक पवन अहिरवार को ट्रायसाइकिल मिल जाने के साथ-साथ ही उन्हें दिव्यांग पेंशन स्वीकृत करने के लिए आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिव्यांग आवेदक अहिरवार को शीघ्र अति शीघ्र पेंशन शुरू कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने दिव्यांग आवेदक पवन अहिरवार से बात की। आवेदक ने बतलाया कि उन्हें पेंशन भी नहीं मिलती है। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश देकर आवेदक से आवश्यक दस्तावेज लेकर पेंशन शुरू करने के निर्देश दिए।

## दूसरे दिन थाने पहुंचे हम्माल, लूट हुई नहीं तो एफआईआर दर्ज कैसे हो गई!

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



कृषि उपज मंडी में व्यापारी और हम्माल के बीच का विवाद को लेकर मंगलवार को हम्माल थाने में एकत्रित हो गए।

शनिवार को व्यापारी विमल जैन और हम्माल जगदीश के बीच मारपीट की घटना हुई थी। व्यापारी ने थाने में मारपीट और लूट की शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली थाने पहुंचकर हम्मालों ने टीआई से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की। हम्माल और तुलावटों ने आवेदन देकर व्यापारी विमल जैन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। व्यापारी विमल जैन ने मारपीट करने वाले हम्माल पर 58 हजार रुपए की लूट करने का आरोप लगाया गया है। टीआई मनोज दुबे को दिए लिखित आवेदन में हम्मलों ने कहा है कि व्यापारी के साथ लूट की वारदात हुई ही नहीं है झूठी एफआईआर कराई गई है।

## डॉक्टर एमके जैन राष्ट्रीय आईएमए द्वारा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आईएमए के वरिष्ठ सदस्य नगर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एमके जैन को सम्मानित किया गया है। उनकी विशिष्ट और समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एवं आईएमए सदस्यों के हमेशा सुख दुःख में तत्पर रहने तथा विदिशा शाखा के 85% सदस्यों को विदिशा शाखा में सम्मिलित करने के लिए इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय स्तर पर आईएमए लीडरशिप अवार्ड के लिए चयन किया गया। राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली आईएमए हाउस के विशिष्ट आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरवी अशोकन , राष्ट्रीय सचिव डॉ अनिल कुमार जे नायक , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ क्षितिज बाली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लेले एवं राष्ट्रीय कार्य क़ारिणी के अनेकों गणमान्य सदस्यों के द्वारा प्रशस्ति पत्र , शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

डॉ एम के जैन एक कर्मठ और समर्पित चिकित्सक है और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें अनेकों बार - स्वास्थ प्रशासन, राष्ट्रीय, एमपी, आईएमए , राष्ट्रीय आईएपी एवं स्टेट आईएपी, महावीर इंटर नेशनल, रोटरी क्लब, लायंस इंटरनेशनल, समाचार पत्र द्वारा अनेकों बार उनकी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओ के प्रशस्ति पत्रों द्वारा समारोह पूर्वक सम्मानित किया जा चुका है। विदिशा के आईएमए सदस्य एवं इंटीग्रेटेड अकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक के सदस्यों सहित डॉ राजीव जैन डॉ सुरेंद्र सोनकर सचिव आईएपी ने उन्हे बधाई दी है।

## कथा शुरू होते ही होती है बारिश, कथा स्थल से दो किमी तक पैदल चलना पड़ रहा

### रात में कीचड़ में पन्नी बिछाकर सो रहे श्रद्धालु

# तीसरे दिन कथा में पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल, कथा की अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की ओर से मांगी क्षमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गिरधर कॉलोनी में चल रही पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महारापुराण कथा के तीसरे दिन प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल कथा सुनने पहुंचे।

कथा शुरू होने से पहले वह कथास्थल पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया और अपने उद्बोधन के दौरान सार्वजनिक मंच से कथा में हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर शासन प्रशासन की ओर से माफी मांगी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अव्यवस्थाओं के लिए मैं जिम्मेदारी लेता हूं और श्रद्धालुओं से क्षमा मांगता हूं। तीन दिनों से गिरधर कॉलोनी में कथा चल रही है और तीनों दिन भारी बारिश होने के कारण कथास्थल पर अव्यवस्थाएं फैल गई हैं। पंडाल में अंदर पानी घुस चुका है। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का सैलाब कम नहीं हो रहा। सबसे अधिक परेशानी बारिश और कथास्थल से दो कमी दूर चलने के बाद गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो मिलने की व्यवस्था से श्रद्धालु मायूस दिखाई दे रहे हैं।





विदिशा। गिरधर कॉलोनी में आयोजित कथा में पहुंचे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री। दूसरे चित्र में कथा स्थल के बाहर कीचड़ में बैठकर कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2680
उच्चतम भाव-4100
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-3255
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2510
उच्चतम भाव- 2540
चना
न्यूनतम भाव- 5000
उच्चतम भाव- 6700
मसूर
न्यूनतम भाव-3390
उच्चतम भाव-6480
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-4420
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6061
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5720
उड़द
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-7770
मूंग
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7820
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2770
अलसी
न्यूनतम भाव-5580
उच्चतम भाव-5580
बटरी
न्यूनतम भाव-7700
उच्चतम भाव-7700
धना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6320
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-1830
तुअर
न्यूनतम भाव-9200
उच्चतम भाव-9200

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 13457 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### इस वर्ष धान का रकबा बढने से खाद और यूरिया की मांग है ज्यादा

# खाद एवं यूरिया बाजार में बिक रहा मनमाने दाम पर, किसान परेशान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इस वर्ष इलाके भर में सोयाबीन और उड़द की अपेक्षा धान का रकबा काफी बढ़ा है। इस कारण इलाके के किसानों के बीच डीएपी और यूरिया की मांग भी बढ़ गई है। हालांकि शासकीय गोदामों और सहकारी समितियों के माध्यम खाद एवं यूरिया का वितरण किया जा रहा है। इसके बावजूद जो किसान बाजार से खाद एवं यूरिया ले रहे हैं, उन्हें कारोबारियों द्वारा मनमाने ढंग से अधिक कीमत वसूलकर खाद यूरिया बेंचा जा रहा है। जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि इलाके में करीब एक लाख हैक्टेयर कृषि भूमि है। जिसमें से करीब 90 से 92 हजार हैक्टेयर भूमि में खरीफ की फसलों की बोवनी की जाती है। इस रकबे में गत वर्ष तक सोयाबीन की बोवनी अधिक होती थी, लेकिन इस वर्ष विभिन्न कारणों से करीब आधे से अधिक रकबे में धान की बोवनी हुई है या हो रही है। ऐसे में किसानों को खाद एवं यूरिया की भी अधिक मात्रा में आवश्यकता है।

हालांकि नगर में स्थित शासकीय गोदामों से नकद विक्रय के माध्यम से और विभिन्न सहकारी समितियों की गोदामों से भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन जिन किसानों के पास खेती की जमीनों के दस्तावेज नहीं हैं या जिन्हें समितियों एवं गोदामों से आवश्यकता के अनुसार खाद यूरिया नहीं मिल पा रहा है, उन्हें बाजार से खरीदना पड रहा है। ऐसे में बाजार में कारोबारी किसानों को मनमाने ढंग से अधिक कीमत पर डीएपी एवं यूरिया विक्रय कर रहे हैं। जिससे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड रहा है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान संजय कटारे, वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि का कहना है कि बाजार में तय कीमत से अधिक पर यूरिया और डीएपी विक्रय हो रहा है। जिसका पक्का बिल भी नहीं दिया जा रहा है। कारोबारी प्रति बोरी के साथ नैनो यूरिया या नैनो डीएपी लेने का दबाब भी बना रहे हैं। ऐसे में किसान आर्थिक रूप से परेशान हो रहा है।

शासकीय गोदाम प्रभारी हरिशंकर शर्मा ने बताया कि शासकीय गोदाम और सहकारी समितियों के माध्यम से अभी तक किसानों को करीब 800 मीट्रिन टन डीएपी और 500 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में यूरिया पर्याप्त मात्रा में गोदामों में उपलब्ध भी है। अभी तक किसी भी समिति की डीएपी की मांग लंबित भी नहीं है। जिन किसानों के पास दस्तावेज नहीं हैं वे ही किसान बाजार से डीएपी या यूरिया खरीदने मजबूर हो रहे हैं। इस संबंध में कृषि विभाग के एसएडीओ एएस कौरव का कहना है कि अभी तक ऐसी शिकायत उनके पास नहीं आई है। अब वे इस मामले में शीघ्र ही जांच कराते हुए उचित कार्रवाई कराएंगे।

## डॉक्टर व चार्टेड अकाउंटेंट को किया गया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लायंस क्लब गंज बासोदा द्वारा सद्गुरु विज़न सेंटर पर डॉक्टर डे एवं चॉर्टर्ड एकाउंटेंट डे मनाया गया। इस उपलक्ष मे नगर के डॉ एके जैन, डॉ एके रोहिले, डॉ सोरभ जैन, डॉ राजकरण वर्मा, चार्टर्ड एकाउंटेंट अंकुर पिंगले को शाल श्रीफल, माला पहना कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।


लायंस क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट लायंस विनीता गोयल एवं अध्यक्ष लायंस माधवी भाटिया, ट्रेसरार लायंस विजय अरोरा ने सभी चिकित्सकों एवं सी ए को सम्मानित करते हुए कहा कि लायंस क्लब नगर की सभी प्रतिभाओ को एक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने राष्ट्रीय चिकित्सक डे के जनक डॉ विधान चंद्र राय के बारे में जानकारी दी। जिनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में हम डॉक्टर डे मनाते है। उन्होंने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के 14 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की स्थापना भी की। उनके जीवन पर प्रकाश डालने के बाद लायंस विनीता गोयल ने कहा कि लायंस क्लब सदैव पीडित मानवता की सेवा मे अपना योगदान देता रहा है। विजय अरोरा ने अपने विचार व्यक्त किये। आभार क्लब की अध्यक्ष लायंस माधवी भाटिया ने व्यक्त किया। इस अवसर अनेक सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### रतनसिंह चिढार को दी समारोह पूर्वक विदाई



**गंजबासौदा।** नगर के पंजीयन कार्यालय में पदस्थ रतन सिंह चिढार के गत दिवस सेवानिवृत्त होने पर कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों, अभिभाषकों और उनके शुभचिंतकों ने पुष्पहार पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर समारोह पूर्वक विदाई दी। ज्ञात हो कि रतनसिंह नगर के पंजीयन कार्यालय में लंबे समय से कार्यरत थे। अपने हंसमुख और सहयोगी स्वभाव के कारण वे काफी लोकप्रिय रहे और इसी कारण उनकी सेवानिवृत्ति पर बडी संख्या में लोगों ने कार्यालय पहुंचकर उन्हें विदाई और आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### नपाध्यक्ष ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं



**गंजबासौदा।** अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री सैयद नदीम अली को मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष शशिअनिल यादव ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता, मोहर्रम कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## नगर पालिका ने दो लोगों को बनाया स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अग्रणी पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी एवं नगर के फिजियो थैरेपिस्ट डॉक्टर सुनील चौहान को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि पंचतत्व संस्था के विशेष प्रयासों से ही पारासरी नदी का कायाकल्प किया जा रहा है और इस कार्य में संस्था सदस्य नपा एवं प्रशासन के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। मंगलवार के दिन नगर पालिका में दोनों ब्रांड एंबेसडर को फूल माला पहनाई गई और शाल श्रीफल, प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, पार्षद नारायण सोनी, पार्षद मूलचंद अहिरवार, सरदार अहिरवार, ठाकुर जीतेन्द्र सिंह राजपूत, प्रमोद राजपूत, नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा, पूर्व पार्षद योगेंद्र समैया, स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान, सहज तेनगुरिया के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गुम हुआ मोबाइल वापस लौटाया



**गंजबासौदा।** गमाकर निवासी दीवान अहिरवार का मोबाइल गत दिवस गिर गया था। यह मोबाइल नगर के संत रामपाल के भक्त बृजेश कुशवाहा को रास्ते में मिला। तब उन्होंने गमाखर निवासी दीवान अहिरवार का मोबाइल वापस लौटा दिया। इस पर दीवान अहिरवार ने बृजेश कुशवाह और संत रामपाल महाराज का धन्यवाद किया।

### चला स्वच्छता अभियान

**गंजबासौदा।** मंगलवार को सीएमओ जयंत वर्मा एवं स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान की मौजूदगी में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही कीटनाशकों का छिडकाव एवं दूषित फल सामग्री की जांच भी कराई गई।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 106 मरीजों ने कराई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बजरंग दल द्वारा देश भर चलाए जा रहे सेवा सप्ताह अंतर्गत मंगलवार को स्थानीय मिल रोड स्थित विजन सेंटर पर विहिप बजरंग दल एवं नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर का शुभारंभ स्वर्गीय रणछोड़ दास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव ने कहा कि विहिप की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा देश भर में सेवा सप्ताह चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज गंज बासौदा में भी पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से यह निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रखा गया है। आगे भी संगठन द्वारा सेवा के क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ाई जायेंगी।

संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि हमारी समिति के माध्यम से निरंतर गरीब वर्ग के हित में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिससे विभिन्न प्रकार के नेत्र रोग एवं मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क उपचार हो रहा है। इस दौरान उपस्थित विहिप के पदाधिकारियों ने नेत्र चिकित्सक डॉ राजकरण वर्मा एवं उनके सहायकों तथा पिंगले संस्थान के सुनील बाबू पिंगले, गणेश राम रघुवंशी एवं डॉ ए.के जैन का उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान किया। शिविर के दौरान 106 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। 46 को दवाईयां दी गयीं एवं 29 मरीजों को चश्मे का नंबर दिया गया एवं 14 मरीजों के आपरेशन के पश्चात चश्मे वितरित किए गये। इस अवसर पर विहिप प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख वीरेंद्र जैन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सेन, जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी, जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर झा, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, दिलीप देसाई, भजन प्रजापति, लाला खटीक सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं विहिप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी का फूंका पुतला



**गंजबासौदा।** लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा समग्र हिन्दू समाज को हिंसा फैलाने वाला एवं झूठ वोलने वाला कहकर समूचे हिन्दू समाज का अपमान किया गया है। जिसके विरोध में मंगलवार को शाम 5 बजे विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने जयस्तंभ चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया एवं राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रमदान दल चला रहा है पौधरोपण अभियान

# जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ पर रोपित किए पौधे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बदलती जलवायु, बढ़ता तापमान और असंतुलित पारिस्थितिक तंत्र वर्तमान में चिंता का विषय है। उस पर भी इस वर्ष हुई एकाएक तापमान में वृद्धि ने प्रत्येक व्यक्ति को झकझोर के रख दिया है। आधुनिकता की होड़ एवं निजी स्वार्थ के चलते जो तबाही हमने और हमारे समाज ने भू लोक में मचाई है उसी के नतीजन आज कही अत्यधिक बारिश हो रही है तो कही बूंद बूंद का अभाव है। बिगड़ती परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बिठाने के लिए समाज के हर एक व्यक्ति को प्रयास करने की जरूरत है। यह बात पौधरोपण के बाद सामाजिक कार्यकर्ता, अन्न पूर्णा समिति के अध्यक्ष एवं पत्रकार गगन दुबे ने कही। पौधारोपण कार्यक्रम में मौजूद सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि विश्व में सबसे ज्यादा वृक्ष रूस में हैं। वृक्षों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में बहुत पीछे है। जबकि भारत की आबादी लगभग 140 करोड़ है यदि आज हर एक व्यक्ति एक पौधा लगाने का संकल्प ले ले तो एक साल में ही 140 करोड़ पौधे लगाए जा सकते हैं। जिनकी देश और समाज को बहुत आवश्यकता है।

मंगलवार को श्रमदान दल द्वारा एक पौधा जैन मिलन महिला शाखा की अध्यक्ष प्रवीणा जैन धर्मपत्नी डॉ एके जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर तो दूसरा पौधा पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गगन दुबे के वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर कमलदीप एकेडमी परिसर, शासकीय सुभद्रा शर्मा महिला महाविद्यालय के सामने रोपित कराए। हर व्यक्ति को लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य श्रमदान दल द्वारा संचालित पौधारोपण अभियान 3.0 के तहत प्रारंभ किए गए जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 85 पौधों की श्रंखला में दल द्वारा तेरहवां और चौदहवां पौधा रोपित कराया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से दल के सदस्य निरंतर नगरवासियों से जन्मदिन पर, वैवाहिक वर्षगांठ पर एवं अपने प्रिय जनों की पुण्य स्मृति में पौधा लगाने की अपील कर रहा है। मंगलवार को संपन्न हुए पौधारोपण कार्यक्रम में एके जैन परिवार के सदस्यगण, मित्र जन, एकेडमी का स्टाफ और श्रमदान दल के सदस्य मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, हुआ दुर्घटनाग्रस्त



**गंजबासौदा।** मंगलवार करीब 5 बजे पुराने मंडी गेट के पीछे एक ट्रैक्टर चालक ने अपना वाहन अनियंत्रित ढंग से और लापरवाही से चलाते हुए कई लोगों को घायल कर दिया। इसके बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर एक दुकान में जा घुसा। जिससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ लोग बता रहे हैं कि ट्रैक्टर एक नाबालिक बच्चा चल रहा था। संयोग से कोई गंभीर घटना नहीं हुई।

## एआई और चैटजीपीटी पर सेमिनार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मीडिया कंप्यूटर कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (AI) और चैटजीपीटी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मयंक दुबे ने उपस्थित छात्र छात्राओ को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के संचालक कमलेश शर्मा के द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मयंक दुबे, जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी तकनीकों के विशेषज्ञ हैं, ने चैटजीपीटी, इसकी कार्यक्षमताओं और विभिन्न उद्योगों पर इसके प्रभाव का गहराई से विश्लेषण किया। सेमिनार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी(AI) की मूल बातों के साथ शुरुआत की गई, इसके बाद चैटजीपीटी की क्षमताओं पर व्यापक चर्चा की गई, जिसमें प्राकृतिक भाषा समझ, मशीन सीखने के मॉडल, और वास्तविक स्थितियों में इसके संभावित अनुप्रयोग शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चैटजीपीटी का एक लाइव प्रदर्शन था, जिसमें इसकी मानव जैसी बातचीत करने की क्षमता और सूचनात्मक प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करने की क्षमता को दिखाया गया। प्रतिभागियों को इस तकनीक की क्षमता से विशेष रूप से प्रभावित किया गया, जिससे शैक्षिक उपकरणों को बढ़ावा मिल सकता है, ग्राहक सेवा को स्वचालित किया जा सकता है और रचनात्मक उद्योगों में योगदान दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, दुबे ने AI से जुड़े नैतिक विचारों और चुनौतियों को भी साझा किया, जिसमें जिम्मेदार AI विकास और उपयोग के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के शिक्षक अखिलेश दाँगी ने उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेमिनार ने हमारे छात्रों को AI और चैटजीपीटी की समझ प्रदान की, उनमें जिज्ञासा जगाई और करियर में नवाचारी समाधानों की खोज के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम के खिलाफ न्यायालय अवमामना का प्रकरण दर्ज

**सिरोंज।** मंगलवार को सिरोंज न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी के खिलाफ न्यायालय अवमानना का प्रकरण दर्ज किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा न्यायालय में लंबित कपिल त्यागी विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन के एक वसूली मामले की कुर्की के दौरान पत्रकार एवं प्रशासन व्हाट्सएप ग्रुप पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की गई थी। जो कि हर्षल चौधरी एसडीएम द्वारा जानबूझकर न्यायालय की कार्यवाही को धूमिल करने के उद्देश्य से न्यायालय में चल रही विधिक कार्रवाई को उजागर करने तथा न्यायालय के पीठासीन अधिकारी को उनके मोबाइल पर फोन लगाने के संबंध में एसडीएम हर्षल चौधरी पर धारा 12 न्यायालय अब मानना अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया। जिनकी उपस्थिति के लिए एसडीएम सिरोंज को 10 जुलाई 2024 को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

### डॉक्टर्स का सम्मान

**सागर।** एकता समिति ने नेशनल डाक्टर डे पर डाक्टरों का सम्मान किया। समारोह में सेवानिवृत्त सिविल सर्जन डॉक्टर अरुण सराफ एवं टीबी विशेषज्ञ डॉक्टर डीके पिप्पल का पुष्पहार, शाल श्रीफल से सम्मान किया।

नये कानून में ई एफआईआर का भी प्रावधान, डिजिटल व फॉरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाया

# नए कानून के सफल क्रियान्वयन को लेकर थाना परिसर में हुआ जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सोमवार को 1 जुलाई से नवीन आपराधिक कानून लागू हो गए है। जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सोमवार शाम थाना सिरोंज में पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी की उपस्थिति में थाना प्रभारी संदीप पवार द्वारा थाना परिसर में नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी गण,जन प्रतिनिधि,शांति समिति के सदस्य,पत्रकारगण सहित शहर के गणमान्य नागरिक को पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी ने नवीन अपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों के बारे में समझाया एवं कार्यक्रम में उपस्थित नागरिको से विचार विमर्श कर उक्त कार्यक्रम का समापन किया गया। वही पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी ने कहा कि तीनों नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए हैं। इसमें महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ितों की समस्याओं को केंद्र में

**आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए हैं नवीन आपराधिक कानून: एसडीओपी उमेश तिवारी**



रखकर, अपराधियों के लिए और कड़ी सजा आदि पर ध्यान दिया गया है। कही पर भी घटना होने पर परिस्थितिवश कही पर भी एफआईआर की सुविधा तथा ई एफआईआर का भी प्रावधान है। नये कानून में डिजिटल साक्ष्य, फॉरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाया गया है एवं हर चीज की समय सीमा को निर्धारित की गई है। कितने समय में विवेचना पूर्ण करके चार्ट शीट पेश करना है और केस की अपडेट पीड़ित को समय सीमा में दी जाएगी। गवाह व पीड़ित आदि के बयान की वीडियो ग्राफी तथा बयान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लेने की भी प्रक्रिया है। साथ ही आमजन का भी नए कानून में हुये बदलाव व प्रक्रिया का ज्ञान हो इसको ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के सभी थानों में भारतीय न्याय संहिता एंव भारतीय दण्ड संहिता के विशेष बिन्दुओं के तुलनात्मक विवरण के पोस्टर लगाए जाएगें।

### शिकायत के तीन दिन के भीतर होगी एफआईआर दर्ज

सोमवार से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता,1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह ले चुके हैं। नए भारतीय न्याय संहिता में नए अपराधों को शामिल गया है. जैसे शादी का वादा कर धोखा देने के मामले में 10 साल तक की जेल. नस्ल, जाति- समुदाय, लिंग के आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सज़ा, छिनैती के लिए तीन साल तक की जेल। एफ़आईआर, जांच और सुनवाई के लिए अनिवार्य समय-सीमा तय की गई है. अब सुनवाई के 45 दिनों के भीतर फ़ैसला देना होगा, शिकायत के तीन दिन के भीतर एफ़आईआर दर्ज करनी होगी।

एफ़आईआर अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) के माध्यम से दर्ज की जाएगी. ये प्रोग्राम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तहत काम करता है. सीसीटीएनएस में एक-एक बेहतर अपग्रेड किया गया है, जिससे लोग बिना पुलिस स्टेशन गए ऑनलाइन ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकेंगे. ज़ीरो एफ़आईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज हो सकेगी चाहे अपराध उस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता हो या नहीं। पहले केवल 15 दिन की पुलिस रिमांड दी जा सकती थी. लेकिन अब 60 या 90 दिन तक दी जा सकती है. केस का ट्रायल शुरू होने से पहले इतनी लंबी पुलिस रिमांड को लेकर कई क़ानून के जानकार चिंता जता रहे हैं।

# प्रवेश उत्सव के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## संस्था प्रबंधक ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नवांकुर हायर सेकेंडरी स्कूल पथरिया में प्रवेश उत्सव एंव पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य पूर्व में एसबीआई बैंक के मैनेजर रोहित परटोटी,संस्था प्रबंधक जेपी यादव,जन शिक्षक देशराज खान,सैनिक बब्लेश नामदेव,समाजसेवी लक्ष्यानाथ नामदेव,रवि वर्मा,कृष्णपाल सिंह बघेल,पप्पू जाटव आदि नागरिक मौजूद रहें। इस मौके पर बैंक मैनेजर रोहित परटोटी ने कहा कि मानव जीवन में पेड़-पौधे आक्सीजन देते हैं। वहीं फल एवं लकडियां तथा हजारों प्रकार की जड़ी-बूटियां भी मिलती हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों की छाया फल मानव के लिए लाभकारी हैं तथा पर्यावरण शुद्धता में भी पेड़-पौधों का अहम योगदान होता है। पेड़ मनुष्यों को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन को संग्रहीत करते हैं, मिट्टी को स्थिर करते हैं, और दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के जीवों का समर्थन करते हैं। वे हमें उपकरण और आवास के लिए आवश्यक संसाधन भी देते हैं। वही संस्था प्रबंधक जेपी यादव ने कहा कि पौधे हमें निर्माण सामग्री प्रदान करते हैं जिनका उपयोग मनुष्य करते हैं। पौधे हमें ईंधन प्रदान करते हैं। पौधे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखते हैं क्योंकि जब वे मर जाते हैं और सड़ जाते हैं, तो वे मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं, जिससे अन्य पौधे उगते हैं और फलते-फूलते हैं। पौधे मिट्टी को एकत्रित रखते हैं तथा कटाव को रोकते हैं। वही उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त नागरिको से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर संस्था का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# किसानों को खाद और बीज, बिजली की आपूर्ति समय पर हो फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए: सुभाष बोहत

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि यह समय फसल की बुवाई का चल रहा है। भाजपा सरकार खाद एवं बीज की कालाबाजारी की रही है, जिससे किसानों को खाद-बीज और यूरिया नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट किसानों की सिंचाई को प्रभावित कर रहा है। वहीं अल्पवर्षा से किसानों को खेत में सिंचाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बोहत ने आग्रहपूर्वक कहा कि किसानों को सिंचाई, खाद बीज की उपलब्धता में आ रही परेशानियों से निपटने के लिए उनकी सहायता



करें। क्योंकि अन्नदाता किसान यदि परेशान रहेगा तो प्रदेश की जनता को भी उसका असर पड़ेगा और महंगाई जैसी भयावह समस्या से जूझना पड़ेगा। किसानों के हित में आवश्यकता पड़ने पर खाद-बीज, बिजली को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक धरना-प्रदर्शन आयोजित कर खाद-बीज की आपूर्ति और किसानों को उच्च गुणवत्ता का खाद-बीज मिले यह भी सुनिश्चित करायें। वही उन्होने कहा कि फसल की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए। वर्तमान समय में मूंग की तुलाई चल रही है। भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा सबके सामने हैं, किसान से प्रति हेक्टेयर 8 क्विंटल मूंग ही खरीदी जा रही है, जबकि औसतन मूंग की उपज 14 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इसलिए मूंग की खरीदी 14 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के मान से कराई जाए। वहीं उन्होने भाजपा सरकार को उसका संकल्प पत्र याद दिलाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में 2700 रूपये और 3100 रूपये गेहूं और समर्थन मूल्य पर देने की घोषणा की थी, सरकार उस घोषणा को तत्काल पूरा करें।

कमला पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

# भारतीय संस्कृति में पेड़ पौधों का होता है विशेष महत्व, पेड़-पौधों को दिया जाता है भगवान का दर्जा: वीरेन्द्र पालीवाल

सिरोंज। ग्राम मुलगसराय में कमला पब्लिक स्कूल में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव पूर्व सरंपच वीरेन्द्र पालीवाल, थाना प्रभारी लखन साहू,संस्था के सचिव श्याम सुंदर शर्मा व स्कूल स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहा। वही कमला पब्लिक स्कूल के सचिव श्याम सुंदर शर्मा ने पेंड पौधो के रखरखाव की जिम्मेदारी ली। पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता



वीरेन्द्र पालीवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है और इस संस्कृति में पेड़ पौधों को विशेष महत्व देते हुए भगवान का दर्जा दिया गया है। इसी लिये पेड़ पौधों की पूजा भी भारतीयों द्वारा की जाती है। पौधों को जीवन रक्षक समझा जाता है क्योंकि ये ऑक्सीजन प्रदान करते हैं व कार्बन-डाइ-ऑक्साइड को सोखते हैं। युवा पीढ़ी को भी पेड़ पौधों के साथ लगाव रखना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए समाज को जागरूक करना चाहिए।

# नर्मदा तटों पर चल रहा ट्रैक्टर-ट्रलियों से बिना रायल्टी अवैध परिवहन का खेल

## पत्रकारों पर निराधार असत्य आरोप, अभद्र भाषा के वीडियो से उपजा भारी असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

फेसबुक पर पत्रकारों के संबंध में अभद्र भाषा, तथ्यहीन निराधार आरोप लगाते हुए एक वीडियो वायरल हुआ। पिछले कुछ दिनों से एसडीएम, पुलिस द्वारा निरंतर बिना रायल्टी अवैध रूप से नर्मदा रेत का परिवहन करते हुए ट्रेक्टर ट्रालिया पकड़ी जा रही हैं। जिससे रेत माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है। कार्यवाही प्रशासन और अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

वायरल वीडियो में इसका दोष पत्रकारों पर लगाते हुए अभद्र भाषा, धमकी देने के साथ अनेक प्रकार की अर्नगल बाते सुनील ठाकुर निवासी सनखेड़ा तह. बाड़ी के वीडियो में दिखलाई। नगर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुडे पत्रकारों ने एसडीएम आफिस पहुंच कर वायरल वीडियो एवं पत्रकारों के संबंध में अपमानित, अभद्र भाषा, धमकियों वाले वीडियो को दिखाया



तथ्यहीन आधारहीन मनगठंत आरोप लगा कर सभी पत्रकारो की छबि धूमिल और बदनाम करने का कृत्य वीडियो के माध्यम से किया है। बताया कि कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कर गया। इसी के साथ वीडियो फेसबुक पर डालने और निराधार तथ्यहीन चरित्र हनन की बाते कहने वाले सुनील ठाकुर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर ठोस प्रभावी कार्रवाई की मांग एसडीएम संतोष मुदगल से की। पत्रकारों ने पुलिस थाने भी पहुंच कर टीआई विजय त्रिपाठी को फेसबुक पर वायरल वीडियो पोस्ट पर त्वरित प्रभावी कार्रवाई प्रकरण दर्ज करने की मांग की। बताया कि ग्राम सनखेड़ा के तथाकथित भाजपा नेता रेत के अवैध उत्खनन, बिना रायल्टी परिवहन करने वालों को संरक्षण देने के लिए पत्रकारों के संबंध में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन रोकने ट्रेक्टर ट्रालियों पर निरंतर कार्रवाई से रेत माफिया के लोग बोखला गए हैं और कार्रवाई का दोषारोपण वीडियो के माध्यम से पत्रकारों को बदनाम करने किया जा रहा है।

एसडीएम बरेली संतोष मुदगल ने बताया कि क्षेत्र के नर्मदा तटों पर अवैध रेत उत्खनन, परिवहन में लगी ट्रेक्टर ट्रालियों को निरंतर पकडने की कार्रवाई की जा रही है। वीडियो वायरल और गलत संदेश पर पुलिस के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई किए जाने का कहा है।

### पति की प्रताड़ना से तंग महिला ने पति के विरूद्ध दर्ज कराया प्रकरण

**हरिभूमि न्यूज. बरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम छबारा निवासी एक आदिवासी परिवार का मामला थाने पहुंचा, जहॉ 1 जुलाई को पत्नी राज कुमारी आदिवासी ने अपने पति सुखदेव आदिवासी के विरूद्ध झूमा झटकी, बर्तन फेंकने, फोड़ देने की शिकायत पर बरेली थाने में एक जुलाई से लागू नए कानून और धाराओं के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। बरेली थाने के टीआई विजय त्रिपाठी ने बताया कि छबारा की आदिवासी महिला राजकुमारी ने अपने पति के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें महिला ने बताया कि पति उस पर शक करता है। उसने जेवर भी बैंच दिए, कहा कि सास ससुर भी पति का पक्ष लेते है। घटना के दिन सुबह पति सुखदेव आदिवासी ने उसके साथ झूमा झटकी मारपीट की। घर के बर्तन फोड़ देने के साथ उत्पात मचाया। महिला ने अपने मायके वालों के साथ थाने पहुंच कर पति की प्रताड़ना से तंग आकर रिपोर्ट की। पुलिस थाने में पहला प्रकरण नई धाराओं 352, 324(4) के अन्तर्गत दर्ज किया गया। पहले धारा 504 एवं 427 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुआ करते थे।

### शिविर आयोजित: 13 महिलाओं व 12 पुरुष ऑपरेशन के लिए सद्गुरु सेवा ट्रस्ट भेजा गया

**शमशाबाद।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित संस्था कपूर्ण सेवा समिति एवं प्रस्फुटन समिति ग्राम खजूरी द्वारा श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के अंतर्गत आज विशाल नेत्र शिविर का आयोजन पीपलधार में किया गया जिसमें 370 मरीज का परीक्षण किया गया जिसमें 13 महिलाओं एवं 12 पुरुष ऑपरेशन के लिए सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के लिए भेजे गए। ब्लाक समन्वयक भीकम सिंह दांगी ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। नेत्र जांच में अधिकतर मरीजों को मोतियाबिंद तथा दूरदृष्टि की बीमारी का यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है। इसलिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक्त भीकम सिंह दांगी ,कपूर्ण सेवा समिति अध्यक्ष बाबूलाल धाकड़ ,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राधेश्याम यादव, संजय यादव, बबलू दिवाकर , एवं डॉ अभिषेक सुमन ,डॉ जीतू शर्मा ,डॉ लखन कुशवाहा ,डॉ मिलन बघेल, डा सोनू यादव एवं सद्गुरु सेवा ट्रस्ट स्टाप आदि ने नेत्र शिविर में भाग लिया।

### स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अब्बास जैदी कल्बे के द्वारा ग्यारसपुर एसडीएम मनोज उपाध्याय को ज्ञापन देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस चौकी बनाने को लेकर मांग की गई। बीएमओ ने कहा है आए दिन ग्यारसपुर अस्पताल में आसामाजिक तत्वों के द्वारा हंगामा किया जाता है। कभी-कभी मरीज के परिजनों के द्वारा भी अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारियों के साथ अभद्रता की जाती है। डॉक्टरों के साथ भी लड़ाई झगड़ा किया जाता है। उन्होंने कहा है कि विगत 4 वर्षो से पुलिस चौकी बनाने की मांग की जा रही है। सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर फिर पुलिस चौकी बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में डॉक्टर बीपी शर्मा, नर्स कंचन दीवान, संगीता सोलंकी, लिसी दुबे, लीला अहिरवार, गणेश राम विश्वकर्मा, वर्षा कुशवाह, आनंद सक्सेना शामिल रहे।

### विश्वविद्यालय: प्रोबी के श्रीवास्तव को स्वामी विवेकानंद सारस्वत सम्मान

**सागर।** आर्ष परिषद सागर के तत्तावधान में कृष्णार्पण समारोह समारोह रवीन्द्र भवन सागर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो बी के श्रीवास्तव, अध्यक्ष इतिहास विभाग, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर को उनके द्वारा शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट योगदान के लिए स्वामी विवेकानंद सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में शाल, श्रीफल मोमेंटो और सम्मान पत्र प्रदान किये गया। सम्मान पत्र प्रो राधवल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति केंद्रीय संस्कृत विश्विद्यालय नई दिल्ली, अजय तिवारी कुलाधिपति स्वामी विवेकानंद विश्विद्यालय सागर, पारुल साहू पूर्व विधायक सुर्खी तथा डॉ ऋषभ भारद्वाज अध्यक्ष आर्ष परिषद सागर ने प्रदान किया। प्रो. श्रीवास्तव की 64 पुस्तकें एवं 110 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके है। प्रो श्रीवास्तव को सम्मान प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय परिवार के प्रो अम्बिका दत्त शर्मा, प्रो नागेश दुबे, प्रो अशोक अहिरवार, डॉ संजय कुमार, डॉ नौनिहाल गौतम, डॉ किरण आर्य, डॉ पंकज सिंह, डॉ संजय बरोलिया, एवं डॉ प्रीति अनिल खंदारे सहित कई शिक्षकों, शोधार्थियों एवं अन्य लोगों ने बधाई दी।

### गुरूकुल स्कूल में डॉक्टरों व स्टाफ का सम्मान

**बरेली।** 1 जुलाई सोमवार को गुरूकुल सीबीएसई स्कूल में डॉक्टर्स डे का आयोजन हुआ। जिसमें डॉक्टरों के साथ स्टाफ का सम्मान किया गया। नगर के प्रायवेट डॉक्टर आरजी मालानी, डॉ. अमित जैन, डॉ. देवेंद्र रघुवंशी, डॉ. वर्मा, ओजस अस्पताल एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को स्कूल संचालक प्रशान्त राठी, स्कूल परिवार के छात्रों द्वारा सम्मानित कर दीर्घायु की कामना की गई। छात्रों ने डॉक्टरो को पुष्प गु'छ भेंट कर



आर्शीवाद लिया। शुभकामनाए देते हुए मुंह मीठा कराया गया। चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभव भी सांझा किए। बशो को डॉक्टर बन कर भविष्य में डॉक्टर बनकर देश सेवा की प्रेरणा दी। डॉक्टर्स ने कहा कि हमारा कत्वर्य और धर्म है, जिसे सदैव निभाने का प्रयास किए जाने का भरोसा दिया।

# तीन नए कानून के संबंध में हुई कार्यशाला जागरुकता के लिए नगर में रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

1 जुलाई से अंग्रेजों के शासन के दौरान से बनाए चले आ रहे तीन कानूनों को बदल कर भारतीयों द्वारा बनाए कानून लागू हो गए है। नए कानूनों के संबंध में थाने के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। नये बदलाव वाले कानूनों की जागरूकता के लिए थाना परिसर से रैली प्रारंभ हुई। नगर भ्रमण के बाद थाने में समापन हुआ।

थाना सभागार में हुई नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला में एसडीएम संतोष मुदगल, एसडीओपी सुरेश दामले एवं टीआई विजय त्रिपाठी ने विस्तार से जानकारी और कहा कि 1 जुलाई से नए कानून और धाराओं



के अंतर्गत प्रकरण दर्ज होंगे। बताया कि हत्या की धारा 302 नहीं 103 (1) होगी। धोखाधड़ी की धारा 420 के स्थान पर अब धारा 318 (4) होगी। रेप की धारा 376 के स्थान पर 64 हो गई है। नये कानून के अन्तर्गत इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को मान्यता और पीड़ितों द्वारा घर बैठे भी रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकेगी। अधिवक्ता प्रेम सिंह धाकड़, राजेश श्रीवास्तव, शिव गोविन्द सिंह, निखिल खरे, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, संतोष राय इत्यादि ने भी नए कानूनों में बदलाव के संबंध में अपने विचार रखे। इस प्रकार की कार्यशाला निरंतर होने की अपेक्षा की। सभी का आभार टीआई विजय त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

स्कूली बच्चों, पुलिस और अधिकारियों के साथ पत्रकारों, वकीलो, नगर के गणमान्य नागरिको, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, क्षेत्रीय पत्रकार संगठन के संजय शर्मा, नपं. के अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह, स्कूलो के स्टाफ के साथ थाना प्रांगण से प्रारंभ नए कानूनों की जागरूकता रैली ने नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। नए कानूनों से संबंधित धाराओं में हुए बदलाव के श्लोगन तखतिया साथ रखे हुए थे।

# टीम पहल के सेवा आश्रम में हुआ रक्तदान शिविर



**बरेली।** नगर में विभिन्न निःशुल्क सेवा गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली समाजसेवी संस्था टीम पहल के सेवा आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में 28 महिलाओं एवं 104 पुरुषों कुल 112 महिला पुरूषों द्वारा उत्साहपूर्वक मतदान किया गया।

वृद्धों को निवास, भोजन, जरूरतमंदो की सेवा, स्वास्थ्य और भोजन की व्यवस्था के साथ गोवंश के उपचार सहित अन्य सेवा कार्यो में टीम पहल की वर्षो से निःशुल्क सेवा भाव से अग्रणी भूमिका बनी रहती है। पिछले महिनों में जैन मंदिर के पास जन सहयोग से टीम पहल का सर्व सुविधा युक्त सेवा आश्रम भवन का निर्माण भी हो चुका है।

टीम पहल के सदस्यों द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर रक्तदान किया जाता है। टीम पहल सेवा आश्रम में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 132 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ जिसमें 28 महिलाओं एवं 104 पुरुषों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में प्रदेश के स्वा. रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, सिविल अस्पताल के सीबीएमओ डॉ. हेमंत यादव सहित अन्य डॉक्टरों, स्वा. कर्मचारियों, गणमान्य नागरिको एवं टीम पहल के सदस्यों की उपस्थिति रही।


**।। जाहिर सूचना ।।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमोद बाई राजपूत पत्नि श्री वीरसिंह राजपूत जाति-राजपूत निवासी - ग्राम अरोई रायसिंह तहसील बैरासिया जिला भोपाल म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य आवासीय मकान ग्राम अरोई रायसिंह प.ह.नं 73 तहसील बैरासिया जिला भोपाल में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 156 वर्गमीटर जो आराजी नं 556 बी का अंश है। एवं जिसकी चतुरसीमायें इस प्रकार है पूर्व में - प्रमोद बाई स्वयं, पश्चिम में - फूलसिंह कुशवाह का मकान, उत्तर में - प्रमोद बाई स्वयं एवं दक्षिण में- शासकीय रास्ता है। को दिनांक 21/06/2024 ई पंजीकरण संख्या MP059722024A 1795875 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है। एवं उक्त मकान ग्राम आवादी क्षेत्र में स्थित है जिसका स्वामित्व प्रमाण पत्र सरपंच सचिव द्वारा दिया गया है। जिस पर प्रमोद बाई राजपूत इन्डियन शेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से हॉम लोन ले रहे हैं। एवं उक्त संपत्ति इन्डियन शेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखी जावेगी उक्त संपत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी) शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं एसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार एडवोकेट
मेन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.।
मो.नं 9300265996, 9300383774

### ट्रेन से कटकर सर धड़ से हुआ अलग

# मुस्काबाद रेलवे फाटक पर मिला युवक का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मुस्काबाद रेलवे फाटक के पास लाश पड़ी होने की सूचना दीवानगंज पुलिस को मंगलवार सुबह मिली। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दीवानगंज पुलिस पहुंची। दीवानगंज चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह दांगी ने बताया कि मुस्काबाद फाटक के कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक के खम्मा क्रमांक 861/11 A के सिर कटी व्यक्ति की लाश पड़ी थी।

युवक ने अपनी गर्दन रखकर रेलवे ट्रैक पर सोया हो ऐसा प्रतीत हो रहा है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर युवक की पहचान धन सिंह पिता मुन्ना लाल आदिवासी उम्र 29 वर्ष निवासी बारला रायसेन का होना पाया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक की मां ने बताया कि धन सिंह की पत्नी कुछ दिन पहले अपने घर से कहीं चली गई थी। पत्नी के कहीं चले जाने के कारण युवक कुछ दिनों तक डिप्रेशन में था। सोमवार को दोपहर के बाद मैं धान लगा रही थी तभी मेरा पुत्र धन सिंह मुझसे कहकर निकला था कि मैं ट्रेन में कटने जा रहा हूं। मैंने सोचा कि लड़का गुस्से में इस तरह की बात कर रहा है। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह सूचना मिली कि धन सिंह की ट्रेन में कटने से मौत हो गई।

धन सिंह के पिता मुन्ना लाल आदिवासी ने बताया है कि मेरा एक ही पुत्र था, जिसने ट्रेन में कटकर आज जान दे दी है मेरी दो पुत्री है। राजकुमारी और लक्ष्मीबाई है उनकी शादी हो गई है। धन सिंह अपनी पत्नी के कहीं चले जाने के कारण डिप्रेशन में था। डिप्रेशन के कारण ही आज मेरे एक लोते बेटे ने भी अपनी जान दे दी है। परिजन दोपहर बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज पहुंचे जहां पर पहचान करने के बाद पीएम के उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच में लिया है।

### नदी पर पुल निर्माण न होने से नरकीय जीवन जीते रहवासी, मरीज हो जाते भगवान भरोसे

# बेगमनदी पर नहीं है पुल, बरसात में तहसील मुख्यालय से टूट जाता संपर्क

### बेगमनदी पर पुल निर्माण की मांग कर चुके नागरिक, 800 की आबादी होती है परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रदेश सरकार के द्वारा लोगो का जीवन स्तर सुधारने व बेहतर सुविधा दिए जाने की बात प्रत्येक मंच से की जाती है, सुविधाओं व योजनाओं का बखान किया जाता है, लेकिन धरातल पर सुविधाओं के अभाव में नागरिकों को किस तरह नरकीय जीवन जीना पड़ता है। इसे देखने की फुरसत जन प्रतिनिधियों, आला अधिकारियों के पास नही हैं, हालांकि नगर विकास के लिए जिम्मेदार नगर परिषद ने शासन को शासकीय पत्र लिख कर जमुनियापुरा जाने वाले रास्ते पर स्थित बेगमनदी पर पुल निर्माण कराए जाने के लिए राशि आवंटित किए जाने का आग्रह किया है।

नगर के वार्ड नंबर एक में स्थित जमुनिया पुरा व बगियापुरा जिसकी आबादी करीब 8 सौ है। यहां पर मध्यम व निम्नवर्गीय परिवार निवास करते हैं, दोनो स्थानों पर पहुचने के लिए बेगमनदी पार करना पड़ता है, इस नदी पर करीब 18 साल पूर्व ग्राम पंचायत के द्वारा रपटा का निर्माण कराया गया था। बेगम नदी बड़ी नदी होने के कारण बरसात में होने वाली बारिष से अकसर ही उफान पर आ जाती है, नदी के उफान पर आ जाने से जमुनियापुरा व बगियापुरा का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट जाता है। इस दौरान नागरिक नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते है। तहसील मुख्यालय होने के साथ ही सिलवानी विधानसभा मुख्यालय व आदिवासी बाहुल्य विधानसभा मुख्यालय भी हैं, इसके बावजूद भी नागरिक नारकीय जीवन को विवश हो रहे है। नगर के



वार्ड एक के जमुनियापुरा व बगियापुरा की आबादी करीब 8 सौ है, इतनी बड़ी आबादी बरसात के मौसम में नदी उफान पर होने से परेशान रहती है। नदी उफान पर होने से उक्त बड़ी आबादी का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट जाता है। नदी के इस और सिविल अस्पताल, कॉलेज, सीएम राइज स्कूल, माध्यमिक, प्राथमिक शाला, थाना, तहसील, नगर परिषद, बैंक सहित अन्य शासकीय व अषासकीय कार्यालय स्थित है, इसके अतिरिक्त परचून, निजी चिकित्सक, मेडीकल व अन्य आवश्यक सामग्री के सेंटर स्थित है,इन सभी के लाभ से उक्त आबादी वंचित रह जाती है। उक्त मौहल्ले के नागरिक नदी उफान के समय घरो में कैद होकर रह जाते है, बल्कि दौरान बीमार होने पर मरीज भगवान भरोसे हो जाते है।

#### रहवासी कर चुके पुल निर्माण की मांग

जमुनियापुरा व बगियापुरा मोहल्ला के रहवासी अनेको बार बेगमनदी पर रपटा के स्थान पर पुल निर्माण की मांग उच्चाधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियो से कर चुके है। हालांकि लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाए चुनाव के समय रहवासियो को सभी ने पुल निर्माण का भरोसा दिलाया लेकिन पुल निर्माण कराए जाने को लेकर किसी भी स्तर पर पहल नही की गई, अधिकारियो, जनप्रतिनिधियो से मिले आष्वासन के बाद पुल निर्माण ना होने पर रहवासी स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं।

#### आजादी के 75 साल बाद भी नागरिक हो रहे घरों में कैद

देश की आजादी के 75 साल बाद भी बाद भी तहसील मुख्यालय सिलवानी के जमुनियापुरा व बगियापुरा के रहवासी बरसात के मौसम में बेगम नदी पर पुल न होने व नदी उफान पर आने से घरो में कैद होकर रह जाते है, और उनका तहसील मुख्यालय से संपर्क कट जाता हैं। हालांकि नदी का उफान कम होने पर बड़े लोग जान जोखिम में डाल कर किसी तरह नदी पार कर सिलवानी आ जाते है लेकिन स्कूली बच्चे, महिलाए घरो में ही रहने को मजबूर होती है।

**पुल निर्माण कराने राशि आवंटन की मांग की है**

*नगर परिषद सिलवानी के द्वारा जमुनियापुरा, बगियापुरा जाने वाले रास्ते पर स्थित बेगमनदी पर पुल का निर्माण कराए जाने को लेकर राशि आवंटन के लिए शासन को पत्र लिखा है, राशि प्राप्त होते ही पुल निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।-*

*रेशु विभोर, अध्यक्ष नगर परिषद सिलवानी।*

# कानूनों के नवीन स्वरूपों की दी जानकारी नुक्कड़ सभा के माध्यम से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

थाना भारकच्छ के पंचायत भवन में नवीन कानून के सम्बंध में मीटिंग आहुत की गई तथा राष्ट्रगान करवाया। थाना भारकच्छ द्वारा नवीन कानून के फ्लेक्स को प्रचार वाहन पर लगाकर पूरे कस्वे में घुमाते हुए ग्रामीण जन को नए कानून से अवगत कराया गया। वहीं कस्वे में नुक्कड़ सभा के माध्यम से जन जन को जागरूक किया।

थाना भारकच्छ पुलिस द्वारा विभिन्न कानूनों तथा धाराओं के नवीन स्वरूप की जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई से देश में अनेक कानून नए स्वरूप में लागू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने समय से चले आ रहे ऐसे विधेयक एवं अधिनियम में भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया



संहिता (1898), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया है। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया है। थाना प्रभारी विंनोद परमार द्वारा बताया कि कानून के नए स्वरूप में दण्ड के स्थान पर न्याय का महत्व बढ़ाने तथा भारतीय नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा को महत्व दिया है। उन्होंने बताया कि नागरिकों को नवीन कानूनों की जानकारी देने के लिए थाना भारकच्छ में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।

विभिन्न कानूनों तथा धाराओं के नवीन स्वरूप की जानकारी देने मोबाइल एप एसीआरबी संकलन ऑफ क्रिमिनल लॉ मोबाईल एप बनाया है, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी समस्त पुलिस स्टॉप,गांब के वरिष्ट जन,एबं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## शासकीय मिडिल स्कूल के उच्च श्रेणी शिक्षक को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

**सलामतपुर**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर में उच्च श्रेणी शिक्षक की सेवानिवृत्त पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया। शाला के उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थ अशोक कुमार साहू सेवानिवृत हो गए हैं। वह सलामतपुर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर 1982 में पदस्थ हुए थे। बाद में प्रोमोशन होकर मिडिल स्कूल में पहुंचे। उन्होंने स्कूल में लगभग बयालीस वर्षों तक सेवाएं दी हैं।

उनके द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र-छात्राएं उच्च पदों पर पदस्थ हैं। उनका नाम बहुत ही संघर्षशील शिक्षकों में आता है। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए कई शासकीय दायित्वों का वखूबी निर्वहन किया। जिसके लिए उनको कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। उनका विदाई समारोह स्कूल परिसर में ही आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों सहित स्कूल के समस्त स्टाफ ने मिलकर उनको पुष्प गुच्छ, हार माला पहनाकर स्वागत किया। एवं इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्राचार्य अक्षय गोयल, लीलाकिशन मीणा हेड मास्टर, ए एन राम, सहित स्कूल के स्टॉफ व परिवार जन एवं ग्रामीण जन मौजूद थे।

# थाना प्रभारी ने रोपे फलदार पौधे, लिया पर्यावरण सिस्टम को सुधारने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने अपने स्टॉफ के साथ थाना प्रांगण में फलदार और अन्य पौधों का रोपण किया और धरती के बिगड़ते ग्लोबल वार्मिंग सिस्टम को सुधारने का संकल्प के साथ ही उन्होंने पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया है।

इस अवसर पर बीस विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे आम, जामुन, जामफल, सीताफल, गुलमोहर, आंवला, नारियल, इमली, गूलर, बेल, पपीता, रामफल बढ़हल व अन्य प्रकार के पौधरोपण कर हरियाली को बढ़ावा देने की बात



कही गई। पौधरोपण करते हुए सलामतपुर थाना प्रभारी ने कहा कि धरती पर पौधेरोपण कर आमजन भी अपनी सहभागिता निभाएं।और फलदार पौधों की सुरक्षा बच्चों की परवरिश की तरह करना चाहिए। इस पौधरोपण अभियान में सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज चौकी प्रभारी एसआई आरएस दांगी, एएसआई सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव, जीतेन्द्र वर्मा, मंगलेश मालवीय, गणेश रघुवंशी, हेत सिंह मीणा, आरक्षक रोहित गोस्वामी, रंजीत धाकड़ सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# माता रानी की उपासना करने वाले साधकों के लिए गुप्त नवरात्रि विशेष महत्व की होती है: पं. संजय

### 6 से प्रारंभ होगा गुप्त नवरात्र पर्व, मां की भक्ति में लीन होंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

**गुप्त नवरात्रि में दश महाविद्या की होती है तंत्र साधना...**



*आदि शक्ति मां के कई रूप हैं। इसमें दश महाविद्या के रूप में भी शक्ति की पूजा की जाती है। जैसा की नाम से ही समझा जा सकता है कि यह विद्या है। इनकी पद्धति,उपासना,यंत्र, तंत्र,पूजन, विधि, मुद्रा सब न सिर्फ अलग - अलग होता है,बल्कि इसे अति विशिष्ठ की श्रेणी में माना जाता है। पहली महाविद्या के रूप में काली की उपासना की जाती है। काली को श्मशानविहारणी कहा जाता है। मातेश्वरी मां काली बेहद उग्र और घोर साधना में आते हैं। इसके अलावा मां तारा की उपासना भी अति उग्र और घोर मानी जाती है। माता तारा का निवास भी श्मशान के साथ चिता है। गुरु आदेश और गुरुकुल की परंपरा के अनुसार ही इनकी उपासना संभव है। इसके अलावा माता छिन्नमस्ता की उपासना भी उग्र और घोर मानी जाती है। दश महाविद्याओं में सर्वश्री माता काली,तारा, त्रिपुर सुंदरी (राजराजेष्वरी), भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता,धूमावती,बगलामुखी, तंगी और कमला की अति गुप्त पूजा की जाती है। दश महाविद्या में मां धूमावती की उपासना भी अति घोर है, माता धूमावती विधवा रुपेण हैं। गुप्त नवरात्रि 06 जुलाई से 15 जुलाई तक, गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई,श्रावण माह की शुरुआत 22 जुलाई, अमावस्या 05 जुलाई, प्रदोष 03 जुलाई और 18 जुलाई, 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी,31 जुलाई को कामिका एकादशी।*

साधना, जप-तप, विशेष अनुष्ठान, स्थान, ध्यान के साथ अभिचार के लिए जुलाई 2024 में भरपूर तिथि हैं। वैष्णव, शाक्त और शैव संप्रदाय से जुड़े साधक व भक्तों के लिए यह माह बड़े महत्व का होगा।

जुलाई माह में विशेष अनुष्ठानों, दश महाविद्या, गुप्त पूजा समेत शाक्त तंत्र के लिए गुप्त नवरात्रि (आषाढ़) शुरू होने जा रही हैं। इसके अलावा विशेष महत्व की तीन एकादशी के साथ आषाढ़ी अमावस्या के अनुष्ठान भी इसी माह में होंगे। वर्ष में एक बार आने वाली गुरु पूर्णिमा और दिनबंधु दीनानाथ भगवान महादेव का अति पवित्र श्रावण मास भी जुलाई से शुरू होगा। पंडित संजय भार्गव पिपरिया ने बताया कि शाक्त मतलब शक्ति की उपासना करने वाले साधकों के लिए गुप्त नवरात्रि विशेष महत्व की होती है। आषाढ़ी गुप्त नवरात्रि 06 जुलाई दिन शनिवार से शुरू होगी। शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा से शक्ति के विशेष अनुष्ठान की शुरुआत होगी। गुप्त नवरात्रि की अष्टमी 14 जुलाई रविवार को मनाई जाएगी। गुप्त नवरात्रि का समापन 15 जुलाई सोमवार को होगा। एक वर्ष में दो गुप्त नवरात्रि पड़ती हैं। एक आषाढ़ तो दूसरी माघ माह में मनाई जाती हैं। इस प्रकार वर्ष में कुल चार बार नवरात्रि तिथि आती है। गुप्त नवरात्रि में शाक्त तंत्र का विशेष महत्व होता है। सिद्धि,विशेष अनुष्ठान, गुप्त पूजाओं के लिए गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व है। योगनी सिद्ध के अलावा भैरव साधना के लिए भी गुप्त नवरात्रि विशेष मानी जाती हैं।

# पशु चिकित्सालय में चिकित्सक न मिलने पर गौ सेवक बछड़े को लेकर पहुंचे एसडीएम के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पशु चिकित्सालय में चिकित्सक व कर्मचारी के ना मिलने पर घायल बछड़े को उपचार नही मिल सका, परेशान गौ सेवक घायल बछड़े को लेकर एसडीएम के पास जा पहुचें तब कही जाकर घायल बछड़े का उपचार हो सका।

सुबह के समय नगर के मुख्य मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बछड़े के घायल होने की जानकारी लगने पर नगर के गौसेवक प्रकाश श्रीवास्तव तथा बीरेद्र साहू मौके पर पहुचें तथा घायल को वाइक से लेकर पशु चिकित्सालय पहुंचे लेकिन यहां पर चिकित्सक सहित कोई भी कर्मचारी मौजूद नही मिला, इंतजार के बाद भी कर्मचारी के ना आने व दर्द से तड़प रहे बछड़े को लेकर गौसेवक एसडीएम कार्यालय जा पहुचे तथा एसडीएम को मामले से अवगत कराया, उनके द्वारा पशु चिकित्सक को मोबाइल लगाया तब कही जाकर घायल बछड़े को उपचार मिल सका। ज्ञात रहे कि नगर का पशु चिकित्सालय अपने तथा कथित




क्रियाकलापो के चलते हमेषा ही चर्चा का विषय बना रहा है। अनेको षिकवा षिकायतो के बाद भी पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा व्यवस्था में सुधार नही किया जा रहा है, जब तहसील मुख्यालय के पशु चिकित्सा विभाग की यह हालत है तो अंचल के पशु चिकित्सालयो की दशा क्या होगी। सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। नगर के गौसेवक गौसेवक वीरेन्द्र साहू और प्रकाश श्रीवास्तव अपने साथियों के साथ जहां भी गाय को घटना दुर्घटना में घायल होने पर अपनी जेब से राशि खर्च दवाएं खरीद कर निशुल्क इलाज करते है। मंगलवार को लावारिश गाय के बछड़े को सेंट्रल बैंक के पास अज्ञात कार टक्कर मार कर घायल कर दिया। बछड़े के पैर में दो स्थानों से हड्डी टूट गई और खून बह गया। गौ सेवको ने पहले स्वयं के पास उपलब्ध दवाओं से इलाज किया बाद में अस्पताल ले गए।

# वेयरहाउस व्यवस्था और रखरखाव प्रणाली पर उठ रहे हैं सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा वेयरहाउसों की निगरानी और व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपए का बजट वेयरहाउस कॉरपोरेशन को उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन वेयरहाउस में सुविधा के नाम पर व्यवस्था का माहौल बना हुआ है।

वेयरहाउस रखा गया माल की क्षमता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करना और बेहतर माल की क्वालिटी रखना वेयरहाउस प्रभारी एवं कॉरपोरेशन की जिम्मेदारी होती है। लेकिन वेयरहाउस में लाखों रुपए के बजट का कितना सही उपयोग हो रहा है यह देखने के लिए




निरीक्षण और नियंत्रण अधिकारियों का कोई निरीक्षण और जमीनी हकीकत से रूबरू नहीं होना चाहता वेयरहाउस में माल का गायब होना कोई नई बात नहीं ऐसी कई घटनाएं वेयरहाउस में पूर्व में हो चुकी पर लीपा पोती के युग में सब कुछ चलता है की तर्ज पर आज भी चल रहा है। अब सवाल उठता है की वेयरहाउस में रखा हुआ माल और उसकी क्वालिटी की उपयोगिता मापदंडों का पालन नहीं हो रहा है।

वेयरहाउस में लगे कर्मचारी को निगरानी और नियंत्रण के लिए रखा गया है कितने कर्मचारी नियंत्रण और निगरानी में फील्ड पर काम कर रहे हैं और कितने नियम विरुद्ध रखे गए इधर गोदाम की साफ सफाई एवं उस पर खर्च होने वाला बजट कागजों में खर्च हो रहा है जैसे की गोदाम में साफ सफाई हेतु जो मजदूरों की संख्या और जो पत्रक भरा जाता है उसमें फर्जी ढंग से मजदूरी दर्शी जाती है यानी रखरखाव के नाम पर लाखों का गोलमाल हो रहा है।

# नगर में वाहनों की जांच के दौरान चालकों पर की चालानी कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों, यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में मंगलवार को जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मण्डीदीप में 12 से अधिक स्कूल वाहन, मैजिक एवं यात्री वाहनों तथा दस्जावेजों की जांच की गई।

इस दौरान मौके पर बिना दस्तावेज, फिटनेस नहीं होने, ओवरलोड सवारी वाले वाहनों के चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 05 वाहनों पर 22 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की गई।

# बाइक से घर जाते समय युवक का गिरा कीमती मोबाइल, थाने में दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

एक युवक का मोटरसाइकिल से अपने घर जाते समय रास्ते में भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के कुल्हाड़िया गांव के पास बीस हज़ार रुपए कीमत का मोबाइल कहीं गिर गया।

इस मामले में मंगलवार को रीतेश मीणा पिता रामनारायण मीणा निवासी देहरी गांव सलामतपुर थाने में आवेदन देने पहुंचा उसने बताया कि उसका सैमसंग कंपनी का ए23 मोबाइल जिसकी कीमत लगभग बीस हज़ार रुपए रही होगी। वह रास्ते में कुल्हाड़िया गांव के आसपास कहीं गिर गया है। जिस दौरान मोबाइल गिरा उस समय



युवक अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्यूएल 6702 से अपने घर देहरी की और जा रहा था। जब उसे मोबाइल गिरने का आभास हुआ तो वह वापस कुल्हाड़यिा गांव पहुंचा और मोबाइल की काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नही चला। फरियादी रीतेश मीणा ने बताया कि उसके मोबाइल में जो सिम डली थी वही नम्बर बैंक अकाउंट में भी लगा हुआ है। कहीं कोई व्यक्ति उस नम्बर का दुरुपयोग ना करे इसलिए उनको ज्यादा चिंता हो रही है।